Combined SO/Steno (Gr. B/Gr. I) Ltd. Deptl. Exam, 2015

**Serial No.** [ ]

**A–RP/WX–O–CC**

# NOTING AND DRAFTING, PRECIS WRITING

*Time Allowed : Three Hours*

*Maximum Marks : 200*

## INSTRUCTIONS

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are THREE questions printed both in HINDI and in ENGLISH.*

*All questions are compulsory.*

*Question no. 2 has FOUR parts out of which THREE are to be attempted.*

*Question no. 3 has FIVE parts out of which FOUR are to be attempted.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the English or Hindi medium as authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of the answer book in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Any page or portion of the page left blank in the answer book must be clearly struck off.*

***Note:*** *The name of your office or your name , roll number or address must not be disclosed anywhere in the answers.*

*Use XXXXX or YYYYY or ZZZZZ etc in case any of the above are required in answers.*

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है।

1. **Please make a précis of the following passage in about one third of its length and suggest a title for it: (50 Marks)**

The theory of demographic transition postulates a three stage sequence of birth and death rate as typically associated with economic development.

According to first stage of demographic transition, death rate is high in the first stage of an agrarian economy on account of poor diet, primitive sanitation and absence of effective medical aid. Birth rate is also high in this stage as a consequence of widespread prevalence of illiteracy, absence of knowledge about family planning techniques, early age of marriage and last but not the least, as a consequence of deep-rooted social beliefs and customs about the size of the family, attitude towards children, etc. Moreover, in a primitive society there are economic advantages of a large family. Children contribute economically from an early age and are the traditional source of security when the parents grow old. The prevalent high death rate, especially in infancy, implies that such security can be attained only when many children are born. In such a society the actual rate of growth of population is not high since high birth rate is balanced by high death rate. It is a stage of high growth potential but of low actual growth.

In the second stage of demographic transition, rise in income enables the people to improve their diet. Economic development also brings about all-round improvement including improvement in transport which makes the supply of food regular. All these factors tend to reduce death rate. Thus, in the second stage, birth rate remains high but death rate begins to decline rapidly. This accelerates the growth of population. High growth potential of the first stage is realized in the high actual growth in the second stage as a consequence of decline in death rate. High birth rate and falling death rate contribute to the growth of the average size of the family in the second stage.

In the third Stage of demographic transition economic development further changes the character of the economy from an agrarian to a partially industrialized one. With the growth of industrialization, population tends to shift away from rural areas to industrial and commercial centres. Growth of urban population with the development of economic role for women outside the home tends to increase the possibility of economic ability that can better be achieved with small families, and tends to decrease the economic advantage of a large family. One of the features of economic development is typically increasing urbanization, and children are usually more of a burden and less of an asset in an urban setting than in a rural. The awareness to maintain reasonable standard of living tends to reduce the size of family in an industrialized economy, since the death rate is already low, this is possible only if birth rate falls. Thus, the characteristics of the third stage are low birth rate, low death rate, small family size and low growth rate of population. This is the stage of incipient decline of population.

1. **निम्नलिखित उद्धरण का लगभग एक-तिहाई में सारलेख बनाइये तथा इसके लिये उपयुक्त शीर्षक भी बताइये :** **(50 अंक)**

आर्थिक विकास से सम्बन्धित जनसांख्यिकीय संक्रमण का सिद्धान्त जन्म और मृत्युदर के तीन चरणों के क्रम में प्रतिपादित होता है।

प्रथम चरण के जनसांख्यिकीय संक्रमण में है, कृषि संबंधी अर्थव्यवस्था जिसमें पहले स्तर पर मृत्युदर अधिक होती है जिसका कारण कमजोर भोजन, पुरातीन स्वच्छता व्यवस्था और प्रभावी मेडिकल सेवा का अभाव। जन्मदर भी अधिक होता है क्योंकि अशिक्षा, परिवार नियोजन तकनीक के ज्ञान का अभाव, कम उम्र में शादी और सर्वोपरि गहरे रुढ़िवादी सामाजिक प्रचलन और रीति-रिवाज तथा बच्चों की संख्या के प्रति पुराने विचार का बोल बाला रहता है। अधिकतर, पुरातीन समाज में बड़े परिवार का आर्थिक लाभ भी रहता है। बच्चे कम उम्र से ही, आर्थिक रूप से सक्रिय रहते हैं तथा वृद्धावस्था में माता-पिता के लिये सुरक्षा का स्रोत रहते हैं। अधिक मृत्युदर, विशेष रूप में बच्चों के कम आयु में, होने से लगता है कि अधिक बच्चे होने से आर्थिक स्थिरता बनी रहती है। इस चरण में उच्च विकास की सम्भावना तो है किन्तु वास्तविक विकास कम रहता है।

जनसांख्यिकीय संक्रमण के दूसरे चरण में आय में वृद्धि के कारण अच्छे भोजन की व्यवस्था हो जाती है। आर्थिक विकास भी बहुमुखी सुधार लाती है जिसमें यातायात में सुधार के कारण खाद्यान्न की आपूर्ति नियमित हो जाती है। इन सब कारणों से मृत्युदर घट जाती है। इस प्रकार दूसरे चरण में जन्मदर तो अधिक रहती है किन्तु मृत्युदर तेजी से घटने लगती है। इसके कारण जनसंख्या त्वरित रूप से बढ़ने लगती है। मृत्युदर घटने के कारण प्रथम चरण के उच्च विकास की सम्भावना के साथ उच्च वास्तविक विकास होने लगता है। द्वितीय चरण में उच्च जन्मदर होता है किन्तु गिरते मृत्युदर के कारण परिवार का आकार बढ़ने लगता है।

जनसांख्यिकीय संक्रमण के तीसरे चरण में आर्थिक विकास के कारण अर्थव्यवस्था कृषि संबंधी व्यवस्था से आंशिक औद्योगिक की ओर बदलने लगता है। औद्योगिकीकरण के बढ़ने से जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों से औद्योगिक एवं वाणिज्यिक केन्द्रों की ओर जाने लगती है। घरों से बाहर महिलाओं के आर्थिक भागीदारी से शहरी जनसंख्या के बढ़ते समय यह भावना भी आती है कि छोटे परिवार से आर्थिक क्षमता अधिक बढ़ सकती है जिससे कि बड़े परिवार का आर्थिक महत्व घटता जाता है। आर्थिक विकास और शहरीकरण का एक यह भी गुण है कि बच्चे सम्पत्ति नहीं बल्कि बोझ लगने लगते हैं। ग्रामीण व्यवस्था से शहरी व्यवस्था होने में यह गुण अधिक मुखर हो जाता है। औद्योगिक अर्थव्यवस्था में इस बात का ज्ञान कि अच्छे जीवन शैली के साथ रहा जाय तो परिवार को छोटा रखने की प्रवृत्ति जगती है। यह तभी संभव है जब जन्मदर गिर जाय क्योंकि मृत्युदर तो गिर ही रही है। अत: तीसरे चरण में दिखता है कि कम जन्मदर हो, कम मृत्युदर हो, परिवार का आकार छोटा हो और जनसंख्या वृद्धि की दर कम हो। यह चरण जनसंख्या के घटने का प्रारम्भ है।

These three stages reveal the transformation of a primitive high birth and high death rate economy into a low birth and low death rate economy. When an economy shifts from the first stage to the second stage of demographic transition, an imbalance is created in the economy as a result of falling death rate but relatively stable birth rate. Historically, it has been observed that death rate can be controlled more easily because the measures to reduce death rate are exogenous in nature and hence readily acceptable to the people. But the reduction of birth rate can be brought about by operating on endogenous factors like changing social attitude and customs, beliefs and dogmas about the size of the family, about marriage, etc. This requires a much longer time. Consequently, birth rate tends to fall after a time lag. The second stage of demographic evolution has, therefore, been termed as the stage of high population growth. This stage is the most hazardous period for a developing economy. The decline in death rate in the second stage, therefore, creates an imbalance which requires a period of transition for adjustment. Thus, the theory is termed as the theory of demographic transition. During the period of transition the demographic factors get out of harmony. A new constellation of demographic forces is brought about which changes the character of society. Birth and death rates become balanced at a lower level as a result of which growth rate of population also declines.

The process of economic development involves the utilization of physical resources of a nation by the labour force of a country so that productive potential in a country is realized. In this effort of development there is no doubt that the labour force of the country makes a positive contribution, but it is equally true that rapidly growing population retards the process of development. The impact of rising population acting as a drag on economic resources is felt in a variety of ways. In order to ameliorate the situation, we need to invest in our people in respect of health and education to enhance their productivity so that they become assets to the society and the nation.

Rising population leads to an increase in the number of children and hence demands higher expenditure on education. There is no doubt that expenditure on education can be viewed as social investment in human beings that ultimately enhances the productivity of the labour force, but it may be emphasized that the time-lag in this respect is quite long and hence the direct effect in raising output per unit of investment is very low. Besides, if one takes into account the expenditure on university education that will have to be increased as a result of pressure of pupils from the secondary schools, the total enhancement of expenditure on education will be still greater. In addition to this, expenditure on medical care and public health will also call for further investment. Not only that, the additional population has to be provided housing accommodation.

(Approx. 1000 words)

इन तीनों चरणों से पता चलता है कि कैसे पुरातन उच्च जन्मदर और उच्च मृत्युदर की अर्थव्यवस्था से निम्न जन्मदर और निम्न मृत्युदर की अर्थव्यवस्था में परिवर्तन होता है। जब अर्थव्यवस्था प्रथम चरण से द्वितीय चरण के जनसांख्यिकीय संक्रमण की ओर जाने लगती है, तब अर्थव्यवस्था में असंतुलन बन जाता है क्योंकि मृत्युदर घटने लगती है किन्तु जन्मदर अपेक्षाकृत स्थिर हो जाती है। ऐतिहासिक रूप से यह देखने में आया है कि मृत्युदर को आसानी से नियन्त्रित किया जा सकता है क्योंकि मृत्युदर को रोकने के उपाय स्वभाव से बहिर्जनित हैं और इसलिए लोगों द्वारा आसानी से ग्राह्य हैं। लेकिन जन्मदर कम करने के उपाय अन्तर्जनित हैं यथा सामाजिक प्रवृत्तियों और प्रथाओं को बदलना, परिवार के आकार, शादी-ब्याह के बारे में भ्रान्तियां, आदि। इसमें अत्यधिक समय की आवश्यकता होती है। परिणामस्वरूप जन्मदर एक समयान्तर के बाद ही गिरता है। सांख्यिकीय संक्रमण का द्वितीय चरण, इसीलिए अत्यधिक जनसंख्या वृद्धि का चरण माना जाता है। यह चरण एक प्रगतिशील अर्थव्यवस्था के लिये अत्यन्त हानिकारक समझा जाता है। अतः द्वितीय चरण में मृत्युदर में गिरावट एक असंतुलन पैदा करता है जिसमें समायोजन के लिये एक संक्रमण की समयावधि चाहिए। इस कारण से इसको सांख्यिकीय संक्रमण का सिद्धान्त कहते हैं। संक्रमण के अवधि में सांख्यिकीय अवयव साम्य से हट जाते हैं। एक नये सांख्यिकीय बलों का समूह कार्य करने लगता है जो समाज के पूर्ण चरित्र को ही बदल देता है। जन्म और मृत्यु एक निम्न दर पर संतुलित हो जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप जनसंख्या वृद्धिदर घट जाती है।

आर्थिक विकास की प्रक्रिया किसी देश के भौतिक संसाधनों के उपयोगिता पर निर्भर करती है जिसे उस देश के श्रमिक पूरी उत्पादन क्षमता से प्राप्त कर सकें। विकास के इस प्रयास में निश्चय ही श्रमिक वर्ग एक सकारात्मक भागेदारी निभाते हैं लेकिन यह भी सत्य है कि बढ़ती हुई जनसंख्या विकास की प्रक्रिया को धीमा कर देती है। बढ़ती जनसंख्या का प्रभाव, आर्थिक स्रोतों के ह्रास पर विभिन्न प्रकार से देखा जा सकता है। इस स्थिति में सुधार लाने के लिये आवश्यक है कि अपने लोगों पर स्वास्थ्य एवं शिक्षा में निवेश करें जिससे कि उनकी उत्पादकता बढ़ सके और वे देश के लिए सम्पत्ति (एसेट) बन सकें।

बढ़ती जनसंख्या के प्रभाव से बच्चों की संख्या बढ़ती है जिसके कारण शिक्षा पर अधिक से अधिक व्यय की आवश्यकता पड़ती है इसमें कोई शक नहीं कि शिक्षा पर व्यय मानवीय आधार पर सामाजिक निवेश है जिससे अन्ततः श्रमिक वर्ग की उत्पादकता बढ़ती है लेकिन साथ में यह भी समझना चाहिए कि इसमें समयावधि काफी अधिक लगती है इसलिए प्रति इकाई निवेश का फलन कम होता है। इसके अतिरिक्त, यदि किसी विश्वविद्यालय शिक्षा पर व्यय को देखें तो लगेगा कि उस पर अधिक व्यय की आवश्यकता है क्योंकि माध्यमिक शिक्षा उत्तीर्ण करके कुल निकलने वाले छात्रों की संख्या अधिक होती है। अतः कुल शिक्षा पर व्यय और भी अधिक होगा। इसके अतिरिक्त मेडिकल और जन-स्वास्थ्य सेवाओं पर अधिक निवेश की आवश्यकता होगी। यही नहीं, अतिरिक्त जनसंख्या को निवास के लिये आवास की भी व्यवस्था करनी पड़ेगी।

(लगभग 1000 शब्द)

**2. Attempt any THREE questions of the following: (30×3=90 Marks)**

(a) On the basis of the following information, put up a self contained Note to the Minister of Shipping suggesting why it is advantageous to supply coal from Haldia Port to NTPC power plant at Barh in Bihar through Inland Waterways and develop the project on PPP mode.

National Waterways (NW)-l, is Ganges/Hooghly river system from Allahabad to Haldia Port. NTPC has a power plant at Barh which is about 864 Kms upstream from Haldia on the bank of Ganges. For this plant, imported coal from Indonesia comes at Haldia Port. Normal mode of transporting coal from Haldia Port to Barh power plant is by rail rakes. But due to shortage of rail wagons and already heavy traffic on the rail route it is becoming impossible to deliver coal at Barh on regular basis.

Inland Waterways Authority of India (IWAI) under Ministry of Shipping is charged with the responsibility of developing and maintaining the Inland Waterways. IWAI got a feasibility study done for the coal transportation from Haldia to Barh through Inland Waterways (Ganges) by river-cum-sea vessels/barges with the particular focus on relative advantages of coal movement through Inland Vessels over rail rakes.

The project for the study envisaged transportation of 3 million MT of Coal each year, for a period of ten years. Using Inland Vessels of 1000-1500 MT capacity it was envisaged to deliver 10000 MT coal each day at Barh. A vessel may take two weeks in a round trip. While the Coal is to be delivered at Barh, it was proposed to take in return journey fly ash generated by the power plant back to Haldia for exporting the same to Bangla Desh through river route. But, this is contingent on NTPC agreeing to it. It is proposed to develop this project under PPP mode for which a Special Purpose Vehicle (SPV) has to be created. Taking into account the development of infrastructure on both the ends i.e. at Haldia and at Barh, the cost of the broad financials has been worked out as under:

| Financial Summary | | |
|---|---|---|
| **S.No.** | **Parameters** | **Amount** |
| 1 | Project cost (in Rs. crs) | 317 |
| 2 | Investment by SPV (in Rs. crs) | 300 |
| 3 | Investment by IWAI in Terminal (in Rs. crs) | 17 |
| 4 | Project IRR (Internal Rate of Return) | 17% |
| 5 | Equity IRR | 20% |
| 6 | Av. DSCR (Debt Service Coverage Ratio) | 2.05 |
| 7 | Min DSCR | 1.65 |
| 8 | Return cargo | 0% |
| 9 | **Coal Tariff per MT** | **875** |
| 10 | **Tariff by rail route per MT** | **975** |

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (30×3=90 अंक)**

(क) निम्नलिखित सूचना के आधार पर जहाजरानी मंत्री के लिए एक टिप्पणी तैयार करिये जिसमें बताइये कि क्यों हल्दिया पोर्ट से NTPC के बाढ़ (बिहार) ताप विद्युत संयंत्र के लिए कोयले की आपूर्ति के लिए अन्तर्देशीय जलमार्ग अधिक लाभकारी है और इस प्रोजेक्ट को PPP मोड में विकसित किया जा सकता है।

गंगा/हुगली नदी प्रणाली जो इलाहाबाद से प्रारम्भ होकर हल्दिया पोर्ट तक है, राष्ट्रीय जलमार्ग (NW)-I कहलाता है। हल्दिया से लगभग 864 कि.मी. ऊपर की ओर गंगा तट पर बाढ़ नामक स्थान पर NTPC का विद्युत संयंत्र है। इस संयंत्र के लिए आयातित कोयला हल्दिया पोर्ट पर इंडोनेशिया से आता है। सामान्य रूप से हल्दिया से बाढ़ संयंत्र तक कोयला लाने का कार्य रेल के रेक द्वारा होता है। किन्तु रेल के वैगनों की कमी तथा रेल मार्ग पर अत्यधिक यातायात होने के कारण नियमित रूप से कोयला ले जाने का कार्य लगभग असम्भव सा हो रहा है।

भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI), जो जहाजरानी मंत्रालय के अधीन है, की जिम्मेदारी अन्तर्देशीय जलमार्ग को विकसित करना और बनाये रखना है। IWAI ने अन्तर्देशीय जलमार्ग (गंगा नदी) द्वारा हल्दिया से बाढ़ तक नदी-सह-सामुद्रिक पोत द्वारा कोयला पहुंचाने की योजना का फीजिबिलटी अध्ययन कराया जिसमें मुख्य बिन्दु था कि क्या रेल मार्ग की अपेक्षा जलमार्ग से उक्त दो स्थानों के बीच कोयले का निर्गमन हितकारी होगा।

संबंधित प्रोजेक्ट में प्रतिवर्ष 3 मिलियन MT कोयले को पहुंचाना है जिसका अभी 10 वर्ष तक NTPC से संविदा होगी। इसके लिए 1000-1500 MT क्षमता के अन्तर्देशीय जलमार्ग-सह-समुद्री पोत का प्रयोग होगा जब औसतन प्रतिदिन 10000 MT कोयला बाढ़ संयंत्र तक पहुंचायेगा। एक पोत को पूरे मार्ग में आने-जाने में दो सप्ताह लगेगा। इस बात की भी सम्भावना है कि जब कोयला बाढ़ में पोत द्वारा पहुंचेगा तो वापसी में पोत पर संयंत्र में उत्पन्न राख मिल जाय जिसे लेकर पोत हल्दिया आयेगा। राख को बांग्लादेश जल मार्ग द्वारा निर्यात किया जा सकेगा। इसके लिए NTPC की सहमति आवश्यक है। इस प्रोजेक्ट को PPP तरीके से विकसित करने की योजना बन सकती है, जिसके लिए एक स्पेशल परपस वेहकल (SPV) बनाने की आवश्यकता होगी। हल्दिया और बाढ़ में उपयुक्त इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने को ध्यान में रखकर जो मोटे-मोटे वित्तीय आवश्यकताएं होंगी उनका अनुमान निम्न प्रकार है :

| वित्तीय संक्षेपण | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **पैरामीटर** | **राशि** |
| 1 | प्रायोजन लागत (रु. करोड़ में) | 317 |
| 2 | SPV द्वारा निवेश (रु. करोड़ में) | 300 |
| 3 | टर्मिनल में IWAI निवेश (रु. करोड़ में) | 17 |
| 4 | प्रायोजन IRR | 17% |
| 5 | अंशदान IRR | 20% |
| 6 | औसत DSCR | 2.05 |
| 7 | न्यून DSCR | 1.65 |
| 8 | वापसी कार्गो | 0% |
| 9 | **कोयले का भाड़ा प्रति MT** | **875** |
| 10 | **रेलमार्ग से भाड़ा प्रति MT** | **975** |

(b) The following data has been brought out on quick estimates for selected major commodities for July, 2015 on Exports. In certain items the exports have come down by more than 30%. As a Section Officer in the Ministry of Commerce, write a note on the overall situation about the exports in the Report and suggest for addressing the concerned Ministries where exports are seen less by 30% seeking reasons for the decline and steps being taken by the respective Ministries to improve the situation in the coming months.

**QUICK ESTIMATES FOR SELECTED MAJOR COMMODITIES FOR JULY, 2015**

**TRADE : EXPORT**

| S. No. | Commodities | JULY'14 (Values in Rs. crores) | JULY'15 (Values in Rs. crores) | % change JULY'15 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tea | 344.57 | 450.86 | 30.85 |
| 2 | Coffee | 415.30 | 406.63 | –2.09 |
| 3 | Rice | 3380.07 | 3153.56 | –6.70 |
| 4 | Other cereals | 535.36 | 152.26 | –71.56 |
| 5 | Tobacco | 431.20 | 416.50 | –3.41 |
| 6 | Spices | 1396.16 | 1361.28 | –2.50 |
| 7 | Cashew | 450.76 | 467.14 | 3.63 |
| 8 | Oil Meals | 413.90 | 232.58 | –43.81 |
| 9 | Oil seeds | 779.68 | 538.16 | –30.98 |
| 10 | Fruits & Vegetables | 1181.17 | 1046.81 | –11.38 |
| 11 | Cereal preparations & misc. processed items | 647.88 | 700.19 | 8.07 |
| 12 | Marine Products | 2887.19 | 2520.84 | –12.69 |
| 13 | Meat, dairy & poultry products | 2388.15 | 2212.83 | –7.34 |
| 14 | Iron Ore | 194.93 | 59.04 | –69.71 |
| 15 | Mica, Coal & Other Ores, Minerals including processed minerals | 2059.52 | 1902.93 | –7.60 |
| 16 | Leather & leather products | 3465.40 | 3298.97 | –4.80 |
| 17 | Ceramic products & glassware | 856.93 | 1002.79 | 17.02 |
| 18 | Gems & Jewellery | 17417.91 | 19357.54 | 11.14 |
| 19 | Drugs & Pharmaceuticals | 7955.74 | 9345.06 | 17.46 |
| 20 | Organic & Inorganic Chemicals | 7762.31 | 7713.20 | –0.63 |
| 21 | Jute Mfg. including Floor Covering | 184.82 | 290.77 | 57.33 |
| 22 | Engineering Goods | 34640.67 | 37008.77 | 6.84 |
| 23 | Electronic Goods | 3271.70 | 3171.45 | –3.06 |
| 24 | Petroleum Products | 32091.32 | 19307.92 | –39.83 |

(ख) निम्नलिखित आंकड़े जुलाई, 2015 में मुख्य वस्तुओं के निर्यात के त्वरित आकलन पर हैं। कुछ वस्तुओं का निर्यात पहले की अपेक्षा 30% से भी कम हुआ है। वाणिज्य मंत्रालय में अनुभाग अधिकारी के रूप में, आप निर्यात की स्थिति पर पूरी जानकारी देते हुए एक टिप्पणी लिखिए और सुझाव दीजिए कि उन सभी सम्बन्धित मंत्रालयों (जिनसे सम्बन्धित वस्तुओं का निर्यात 30% से कम हुआ है) को यह लिखा जाय कि इस कमी के कारणों पर विवेचना करके यह बतायें कि आने वाले महीनों में स्थिति में सुधार के लिए क्या कदम लिए जा रहे हैं।

**चुने हुए मुख्य वस्तुओं के निर्यात पर त्वरित आकलन, जुलाई 2015**

**ट्रेड : निर्यात**

| क्र. सं. | वस्तुएं | जुलाई'14 (मूल्य करोड़ में) | जुलाई'15 (मूल्य करोड़ में) | % परिवर्तन जुलाई'15 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चाय | 344.57 | 450.86 | 30.85 |
| 2 | काफी | 415.30 | 406.63 | –2.09 |
| 3 | चावल | 3380.07 | 3153.56 | –6.70 |
| 4 | अन्य अनाज | 535.36 | 152.26 | –71.56 |
| 5 | तम्बाकू | 431.20 | 416.50 | –3.41 |
| 6 | मसाले | 1396.16 | 1361.28 | –2.50 |
| 7 | काजू | 450.76 | 467.14 | 3.63 |
| 8 | तेलीय भोजन | 413.90 | 232.58 | –43.81 |
| 9 | तेल-बीज | 779.68 | 538.16 | –30.98 |
| 10 | फल-सब्जियां | 1181.17 | 1046.81 | –11.38 |
| 11 | अनाज से निर्मित एवं अन्य परिस्कृत सामान | 647.88 | 700.19 | 8.07 |
| 12 | समुद्री उत्पाद | 2887.19 | 2520.84 | –12.69 |
| 13 | मीट, डेयरी एवं पॉल्ट्री उत्पाद | 2388.15 | 2212.83 | –7.34 |
| 14 | लौह अयस्क | 194.93 | 59.04 | –69.71 |
| 15 | माइका, कोयला व अन्य अयस्क, खनिज | 2059.52 | 1902.93 | –7.60 |
| 16 | चमड़ा एवं उसके उत्पाद | 3465.40 | 3298.97 | –4.80 |
| 17 | सिरामिक उत्पाद एवं ग्लास वेयर | 856.93 | 1002.79 | 17.02 |
| 18 | जेम्स एवं ज्वेलरी | 17417.91 | 19357.54 | 11.14 |
| 19 | ड्रग्स एवं फार्मास्यूटिकल | 7955.74 | 9345.06 | 17.46 |
| 20 | आर्गेनिक/इनआर्गेनिक रसायन | 7762.31 | 7713.20 | –0.63 |
| 21 | जूट उत्पाद फ्लोर कवरिंग समेत | 184.82 | 290.77 | 57.33 |
| 22 | इंजीनियरिंग सामान | 34640.67 | 37008.77 | 6.84 |
| 23 | इलेक्ट्रानिक सामान | 3271.70 | 3171.45 | –3.06 |
| 24 | पेट्रोलियम उत्पाद | 32091.32 | 19307.92 | –39.83 |

(c) As directed by the Secretary in the Ministry of Civil Aviation, please put up a self-contained note on opportunities and other issues related to Foreign Direct Investment (FDI) in civil aviation in India, keeping the following in view :

(i) Ever since nationalisation of Air Lines in 1953, Indian Airlines/Air India have been the main Airlines in the country.

(ii) The sector was opened to private players in 1986, granting permission to Private Airlines (Air Sahara, Jet Airways, etc.).

(iii) Subsequently, more Airlines were granted permission to operate in the country.

(iv) By 1998, several Airlines were closed causing loss of about Rs. 10 billion.

(v) Indian Airlines faced crisis due to financial losses.

(vi) Stakeholders in the aviation sector include air-craft manufacturing, airport infrastructure, manpower training, air cargo, carrying passengers, ground handling services, etc.

(vii) Constraints include, among others high cost of fuel, high rate of taxes on aviation fuel, lack of infrastructure, shortage of funds for infrastructure development, etc.

(viii) The Directorate General of Civil Aviation has provided the following data on the market share of domestic Airlines in January 2012 :

| Name of the Airline | Market Share (%) |
|---|---|
| Jet Group (Jet Airways, Jet Life) | 28.8 |
| Indigo | 20.8 |
| NACIL | 17.1 |
| Spice Jet | 16.3 |
| King Fisher | 11.3 |
| Go Air | 5.8 |

(ix) Airport Authority of India has provided the following facts on Passengers and Cargo :

| Year | Passengers (in Million) | | Cargo (in 000 tonne) | |
|---|---|---|---|---|
| | International | Domestic | International | Domestic |
| 2006–07 | 25.85 | 60.91 | 1028.66 | 531.64 |
| 2007–08 | 29.85 | 72.87 | 1151.05 | 584.61 |
| 2008–09 | 34.53 | 87.31 | 1289.26 | 643.31 |
| 2009–10 | 40.01 | 104.75 | 1445.50 | 708.39 |
| 2010–11 | 46.45 | 125.84 | 1622.33 | 780.60 |
| 2011–12 | 54.04 | 151.36 | 1822.69 | 860.78 |
| Growth Rate (%) | 16.2 | 13.3 | 12.8 | 8.4 |

(ग) सचिव, नागर विमानन मंत्रालय के निर्देशानुसार, भारत में नागर विमानन के क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश से संबंधित अवसरों/सम्भावनाओं तथा अन्य मुद्दों पर एक स्वतःपूर्ण टिप्पणी तैयार करें। इस टिप्पणी को तैयार करते समय निम्नलिखित तथ्यों को ध्यान में रखें :

(i) 1953 में हवाई सेवाओं के राष्ट्रीयकरण के पश्चात इंडियन एयरलाइन्स तथा एयर इंडिया देश की मुख्य हवाई सेवा में रही हैं।

(ii) 1986 में नागर विमानन क्षेत्र निजी कम्पनियों के लिए खोल दिया गया तथा एयर सहारा, जेट एयरलाइन्स जैसी कम्पनियों को हवाई सेवा प्रदान करने की अनुमति प्रदान कर दी गयी।

(iii) इसके पश्चात्, निजी क्षेत्र की अन्य विमान कम्पनियों को भी देश में हवाई सेवा प्रदान करने की अनुमति दी गयी।

(iv) 1998 तक कई विमान कम्पनियां बन्द हो गयी, जिसके कारण लगभग 1000 करोड़ रुपयों का नुकसान हुआ।

(v) आर्थिक घाटे के कारण इंडियन एयरलाइन्स को भी कठिन संकटों से गुजरना पड़ा।

(vi) नागर विमानन क्षेत्र के प्रमुख हितधारकों (स्टेकहोल्डर्स) की सूची में आते हैं विमान विनिर्माण, विमान-पत्तन अवसंरचना, जनशक्ति प्रशिक्षण, हवाई माल (एयर कार्गो), यात्रीगण, भूमितल पर प्रदत्त सेवाएं, इत्यादि।

(vii) बाध्यताओं की सूची में तेल की ऊँची कीमत, विमानों के लिए तेल पर टैक्सों की ऊँची दर, अवसंरचनाओं का अभाव, अवसंरचना के विकास के लिए पूंजी की कमी, इत्यादि आते हैं।

(viii) नागर विमानन महानिदेशालय ने अन्तर्देशीय विमान कम्पनियों के बाजार-अंश (मार्केट शेयर) पर निम्नलिखित आंकड़ा उपलब्ध कराया है (जनवरी 2012 में) :

| विमान कम्पनी का नाम | बाजार अंश (%) |
|---|---|
| जेट समूह (जेट एयरवेज, जेट लाइट) | 28.8 |
| इंडिगो | 20.8 |
| नासिल | 17.1 |
| स्पाइस जेट | 16.3 |
| किंग फिशर | 11.3 |
| गो. एयर | 5.8 |

(ix) एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया ने यात्री एवं माल ढुलाई (कार्गो) से सम्बन्धित निम्नलिखित तथ्य उपलब्ध कराया है :

| वर्ष | यात्री (दस लाख में) | | माल (कार्गो) (000 टन में) | |
|---|---|---|---|---|
| | अंतर्राष्ट्रीय | अन्तर्देशीय | अंतर्राष्ट्रीय | अन्तर्देशीय |
| 2006–07 | 25.85 | 60.91 | 1028.66 | 531.64 |
| 2007–08 | 29.85 | 72.87 | 1151.05 | 584.61 |
| 2008–09 | 34.53 | 87.31 | 1289.26 | 643.31 |
| 2009–10 | 40.01 | 104.75 | 1445.50 | 708.39 |
| 2010–11 | 46.45 | 125.84 | 1622.33 | 780.60 |
| 2011–12 | 54.04 | 151.36 | 1822.69 | 860.78 |
| वृद्धिदर (%) | 16.2 | 13.3 | 12.8 | 8.4 |

(d) Put up a note analysing various facets of the performance of a Delhi-based Milk Co-operative on the basis of the data given below. Also, put a draft of a d.o. letter from your Joint Secretary to the Chairman of the Milk Co-operative seeking measures being taken to improve its performance :

| Year | Capacity Utilisation (%) | Milk Sale (lakh litre) | Variable Cost (Rs. per litre) | Fixed Cost (Rs. per litre) | Total Cost (Rs. per litre) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2008–09 | 76.80 | 1402.08 | 17.20 | 2.40 | 19.90 |
| 2009–10 | 77.59 | 1488.65 | 16.95 | 2.33 | 19.10 |
| 2010–11 | 78.15 | 1538.32 | 16.32 | 2.29 | 18.85 |
| 2011–12 | 76.00 | 1391.72 | 18.10 | 2.60 | 20.70 |
| 2012–13 | 73.10 | 1332.77 | 19.86 | 3.05 | 22.91 |
| 2013–14 | 65.02 | 1183.49 | 21.95 | 3.24 | 24.99 |
| 2014–15 | 62.40 | 1072.96 | 25.59 | 3.47 | 29.06 |

3. **Attempt any FOUR questions of the following :** **(15×4=60 Marks)**

(a) You have received dossiers of selected candidates from Staff Selection Commission against vacancies of 4 LDCs. As a Section Officer of the Establishment Section, write a note for the approval of your Joint Secretary suggesting verification of the original educational certificates from the concerned University/Board of the candidate, as several instances of fake educational degrees and certificates have been reported.

(b) An Assistant working in DAVP proceeded on LTC to visit Port Blair via Kolkata on 05/01/2015 and stayed at Kolkata to meet his friends and relatives. His flight to Port Blair was scheduled on 09/01/2015. However, a sea-storm in the Bay of Bengal was reported on 09/01/2015 and 10/01/2015 resulting in cancellation of all flights to Port Blair on these dates. He rescheduled his journey to Port Blair on 11/01/2015. But on 11/01/2015 also, the flight was cancelled. His return ticket for Delhi was on 13/01/2015. As a result of this, he could not go to Port Blair and returned to Delhi from Kolkata on 13/01/2015. Kolkata was not the declared place of visit on LTC.

On his return to Delhi, he submitted an application for post-facto approval for change of destination for availing LTC. Please examine his application and put up a note for consideration of the competent authority.

(c) Decadal Population Growth Rate of India as a nation has been 17.7% during 2001-2011. The Table below shows the major States which have shown higher growth rate as compared to some States which have been consistently successful in lowering the birth rate. Lowering birth rate has been direct consequence of improving education and health and family welfare services.

(घ) निम्नलिखित आंकड़ों के आधार पर दिल्ली की एक दुग्ध सहकारी संस्था के निष्पादन के विभिन्न पहलुओं पर एक विवेचनात्मक टिप्पणी प्रस्तुत करें। साथ ही, संयुक्त सचिव की तरफ से इस दुग्ध सहकारी संस्था के अध्यक्ष को सम्बोधित एक अर्धसरकारी पत्र का मसौदा भी प्रस्तुत करें जिसमें यह जानकारी मांगी जाए कि वे संस्था के निष्पादन को समुन्नत करने के क्या उपाय कर रहे हैं :

| वर्ष | क्षमता उपयोग (%) | दुग्ध विक्रय (लाख लीटर में) | परिवर्ती लागत (रु. प्रति लीटर में) | नियत लागत (रु. प्रति लीटर में) | कुल लागत (रु. प्रति लीटर में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2008–09 | 76.80 | 1402.08 | 17.20 | 2.40 | 19.90 |
| 2009–10 | 77.59 | 1488.65 | 16.95 | 2.33 | 19.10 |
| 2010–11 | 78.15 | 1538.32 | 16.32 | 2.29 | 18.85 |
| 2011–12 | 76.00 | 1391.72 | 18.10 | 2.60 | 20.70 |
| 2012–13 | 73.10 | 1332.77 | 19.86 | 3.05 | 22.91 |
| 2013–14 | 65.02 | 1183.49 | 21.95 | 3.24 | 24.99 |
| 2014–15 | 62.40 | 1072.96 | 25.59 | 3.47 | 29.06 |

**3. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (15×4=60 अंक)**

(क) आपको कर्मचारी चयन आयोग से 4 अवर श्रेणी लिपिक (एल.डी.सी.) पद के लिए चयनित अभ्यार्थियों के डोजियर प्राप्त हुए हैं। स्थापना अनुभाग के अनुभाग अधिकारी के रूप में संयुक्त सचिव के अनुमोदनार्थ एक टिप्पणी प्रस्तुत करें जिसमें यह सुझाव दें कि नामित अभ्यार्थियों के मूल शैक्षिक प्रमाण-पत्रों की सम्बन्धित विश्वविद्यालय/बोर्ड से जाँच करा ली जाय क्योंकि आजकल इस प्रकार के कई मामले प्रकाश में आये हैं जिनमें जाली डिग्री एवं प्रमाण-पत्र दिये गये हैं।

(ख) डी.ए.व्ही.पी. का एक सहायक कलकत्ता होते हुए पोर्ट ब्लेयर के लिए एल.टी.सी. पर गया। वह 05/01/2015 को कलकत्ता पहुंचा और कुछ मित्रों तथा रिश्तेदारों से मिलने के लिए कलकत्ता रुक गया। पोर्ट ब्लेयर के लिए उसकी फ्लाईट 09/01/2015 को थी। किन्तु 09/01/2015 और 10/01/2015 को बंगाल की खाड़ी में समुद्री तूफान की सूचना मिली जिसके कारण दोनों दिन पोर्ट ब्लेयर की सभी उड़ाने रद्द कर दी गयीं। सहायक ने 11/01/2015 की उड़ान के लिये सीट आरक्षित करवा ली। किन्तु 11/01/2015 को भी उड़ान रद्द कर दी गयी। उसका दिल्ली वापसी का टिकट 13/01/2015 को था। इस कारण वह पोर्ट ब्लेयर नहीं गया और 13/01/2015 को कलकत्ता से दिल्ली वापस आ गया। कलकत्ता एल.टी.सी. पर यात्रा की घोषित जगह नहीं थी।

दिल्ली वापस आने के पश्चात् उसने एक आवेदन दिया जिसमें उसने गन्तव्य स्थान के परिवर्तन हेतु कार्योत्तर मंजूरी का निवेदन किया। उसके आवेदन का परीक्षण करते हुए सक्षम प्राधिकारी के विचारार्थ उचित टिप्पणी प्रस्तुत करें।

(ग) वर्ष 2001-11 के दौरान भारत में जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर 17.7% रही। निम्नलिखित तालिका यह दर्शाती है कि, उन राज्यों की तुलना में जो जन्मदर को कम करने में सतत् सफल रहे हैं, किन प्रमुख राज्यों में यह वृद्धिदर अधिक रही है। जाहिर है कि जन्मदर को कम करने में शिक्षा एवं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण सेवाओं की प्रत्यक्ष भूमिका रही है।

Draft a letter from the Minister of Health and Family Welfare to the Chief Ministers of States on the left side of the Table highlighting the problem and for taking appropriate action to tackle the situation of population growth in their States.

**TABLE**

| Sl. No. | State | % growth in population 2001-2011 | Sl. No. | State | % growth in population 2001-2011 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bihar | 25.4 | 9 | Tamil Nadu | 15.6 |
| 2 | Chattisgarh | 22.6 | 10 | Kerala | 4.9 |
| 3 | Jammu & Kashmir | 23.6 | 11 | Odisha | 14.0 |
| 4 | Jharkhand | 22.4 | 12 | Telangana | 13.6 |
| 5 | Madhya Pradesh | 20.3 | 13 | Andhra Pradesh | 9.0 |
| 6 | Rajasthan | 21.3 | 14 | Karnataka | 15.6 |
| 7 | Uttar Pradesh | 20.2 | 15 | West Bengal | 13.8 |
| 8 | Uttrakhand | 18.8 | 16 | Goa | 8.2 |

(d) Department of Justice gets a large number of representations from general public complaining against long years taken by judicial courts in listing, hearing and deciding cases. They request the Government for their intervention to secure expeditious justice. In most cases, emotional appeals are made. As per the laid down departmental procedure, such representations are forwarded by the Under Secretary, through a standard letter, to the Registrar of the concerned court for appropriate action (as the Government does not interfere in court cases).

While forwarding one of such representations, the Under Secretary wrote a foot note expressing anguish over the delay in deciding the case by the Court and requested personal attention and intervention of the Chief of that Court. This action of the Under Secretary was objected to by the Chief of the Court who considered it as interference by Government. The Chief of the Court asked for disciplinary action against the Under Secretary.

Draft a memo seeking explanation of the Under Secretary for acting beyond the scope of his duty.

(e) The Ministry of HRD, started "Swachh Vidyalaya" initiative of providing separate toilets for girls and boys in schools all over the country. The target of building over 4.17 lakh toilets in 2.61 lakh schools has been made possible with the cooperation and support of all the stakeholders.

Draft a Press Communiqué from the Minister of HRD conveying his happiness to all States and UT Governments and to the participating Public Sector Undertakings and Private Corporates. Also mention acknowledgment to the contribution of all the officers of the Government of India, including Observers, who were part of this initiative.

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री के विचारार्थ टेबल की बांयी ओर दर्शित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को सम्बोधित एक पत्र का मसौदा प्रस्तुत करें जिनमें उनके राज्यों में उच्च जन्म दर की समस्या को उजागर करते हुए उनसे यह अनुरोध किया जाये कि वे इस समस्या से निपटने के लिए उचित कार्यवाही करें।

तालिका

| क्र. स. | राज्य | जन्म वृद्धिदर (%) 2001-2011 | क्र. स. | राज्य | जन्म वृद्धिदर (%) 2001-2011 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बिहार | 25.4 | 9 | तमिलनाडु | 15.6 |
| 2 | छत्तीसगढ़ | 22.6 | 10 | केरल | 4.9 |
| 3 | जम्मू एवं कश्मीर | 23.6 | 11 | ओडीशा | 14.0 |
| 4 | झारखण्ड | 22.4 | 12 | तेलंगाना | 13.6 |
| 5 | मध्यप्रदेश | 20.3 | 13 | आंध्रप्रदेश | 9.0 |
| 6 | राजस्थान | 21.3 | 14 | कर्नाटक | 15.6 |
| 7 | उत्तरप्रदेश | 20.2 | 15 | पश्चिम बंगाल | 13.8 |
| 8 | उत्तराखण्ड | 18.8 | 16 | गोवा | 8.2 |

(घ) न्याय विभाग में बहुत अधिक संख्या में जनसाधारण से प्रतिवेदन प्राप्त होते हैं जिसमें यह शिकायत की जाती है कि न्यायालयों में मामलों को सूचीबद्ध करने, सुनवाई करने तथा फैसला सुनाने में वर्षों लग जाते हैं। वे सरकार से त्वरित न्याय पाने के लिये हस्तक्षेप का अनुरोध करते हैं। अधिकांश प्रतिवेदनों में भावुक अपील होती हैं। ऐसे प्रतिवेदनों को, एक विभागीय प्रक्रिया के अन्तर्गत, अवर सचिव द्वारा एक मानक पत्र के माध्यम से सम्बन्धित न्यायालय के निबन्धक को इस आशय से अग्रसरित कर दिया जाता है कि जैसा उचित हो, न्यायालय वैसी कार्यवाही करें (क्योंकि सरकार न्यायिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करती)।

ऐसे ही एक प्रतिवेदन को अग्रसरित करते हुए अवर सचिव ने एक फुट नोट लिखकर अपनी उत्कन्ठा व्यक्त करते हुए अनुरोध किया कि इस पर मुख्य न्यायाधीश व्यक्तिगत रूप से ध्यान दें और उसे निपटायें। अवर सचिव की इस टिप्पणी पर मुख्य न्यायाधीश ने एतराज जताया और इसे न्यायिक मामलों में सरकार का हस्तक्षेप समझा। उन्होंने अवर सचिव के खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही करने को भी कहा।

एक ज्ञापन का मसौदा प्रस्तुत करें जिसमें अवर सचिव से स्पष्टीकरण मांगिये कि उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही क्यों न की जाय।

(ङ) मानव संसाधन मंत्रालय ने "स्वच्छ विद्यालय" कार्यक्रम प्रारम्भ किया जिसके अन्तर्गत पूरे भारत देश में सभी लड़कों और लड़कियों के विद्यालय में अलग-अलग शौचालय बनाने की व्यवस्था थी। 2.61 लाख विद्यालयों में 4.17 लाख शौचालय बनाने के लक्ष्य सभी संबंधित लोगों के सहयोग और सहायता से पूरा हो सका।

एक प्रेस विज्ञप्ति बनाइये जिससे मानव संसाधन मंत्री की प्रसन्नता व्यक्त हो तथा जिसमें सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों, इसमें भाग लेने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, निजी कम्पनियों की सराहना हो। इसमें भारत सरकार के सभी अधिकारियों, जिसमें पर्यवेक्षक भी शामिल हों, के सहयोग और अंशदान को भी ज्ञापित कीजिये।

Serial No. [ ]

**A–RP/WX–O–CC**

# टिप्पणी और मसौदा लेखन, सार लेखन

समय : तीन घंटे

पूर्णांक : 200

## अनुदेश

*प्रश्नों के उत्तर देने से पहले कृपया निम्न में से प्रत्येक अनुदेश ध्यानपूर्वक पढ़ें :*

*तीन प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में छापे गए हैं।*

*सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*प्रश्न संख्या **2** के **चार** भाग हैं, जिनमें से **तीन** भाग करने हैं।*

*प्रश्न संख्या **3** के **पांच** भाग हैं, जिनमें से **चार** भाग करने हैं।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक प्रश्न के अंत में दिए गए हैं।*

*प्रश्नों के उत्तर अंग्रेजी अथवा हिन्दी उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिये। प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।*

*जहाँ भी प्रश्नों में विनिर्दिष्ट हो, शब्द सीमा का पालन करें।*

*उत्तर-पुस्तिका में खाली छोड़े गए पृष्ठ या पृष्ठ के भागों को सफाई से काट दें।*

**टिप्पणी :** *आपका तथा आपके कार्यालय का नाम, अनुक्रमांक अथवा पता प्रश्नों के उत्तर लिखते समय अज्ञात रहना चाहिए।*

*अगर आवश्यक हो तो उपर्युक्त के लिए XXXXX या YYYYY या ZZZZZ इत्यादि का उपयोग करें।*

---

***Note :** English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.*